तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व अहकाम की तामील
08.4.24	अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थी ने पत्रावली में संलग्न तहसीलदार देवली से प्राप्त रिपोर्ट का अवलोकन कर बहस की प्रार्थना की, जिसे स्वीकार किया गया। अधिवक्ता प्रार्थी ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र के तथ्यो को दोहराते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार करने की प्रार्थना की। पेरोकार सरकार ने रिपोर्ट को ही बहस मानने की प्रार्थना की। पत्रावली व तहसीलदार रिपोर्ट का अवलोकन किया। अधिवक्ता प्रार्थी की बहस पर मनन किया। तहसीलदार रिपोर्ट अनुसार ग्राम आंवा के खाता संख्या 864 ख. नं. 3236 रकबा 1.81 है0 भूमि आवेदकगण की खातेदारी में दर्ज रिकॉर्ड है एवं कब्जेकाश्त है। आवेदक का अन्य पड़ोसी खातेदार से विवाद है। सम्बन्धित उक्त आराजी के सम्बन्ध में किसी न्यायालय में स्थगन नहीं है और प्रार्थी द्वारा पूर्व में सीमाज्ञान नहीं करवाया है। अतः तहसीलदार रिपोर्ट अनुसार विवादित आराजी पर प्रार्थीगण का कब्जाकाश्त होने से प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है और तहसीलदार दूनी को आदेशित किया जाता है कि जमाबन्दी सम्वत 2073–76 खसरा नम्बर 3236 रकबा 1.81 है0, वाके ग्राम आंवा तहसील दूनी की आराजी की विधिवत पत्थरगढी नियमानुसार शुल्क राजकोष में जमा कर, प्रार्थी का कब्जा होने पर की जावे अन्यथा उक्त आराजी का सीमाज्ञान कर प्रार्थीगण को अवगत करावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। दाखिल दफ्तर हो। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। 08.4.24	